समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026


# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से की मुलाकात, मेट्रो विस्तार और इलेक्ट्रिक बसों पर हुई चर्चा।

Publisher    Published on 30 May 2025



## राजस्थान मे शंहरी विकास और ऊर्जा क्षेत्र मे आंएगा नया मोड़, दिल्ली मे हुंई अहम बैठक मे कंई परियोजनाओं पर चर्चा।

सवांदाता,नई

दिल्ली/जयपुर,राजस्थान

**नई दिल्ली/जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री **श्री भजनलाल शर्मा** ने आज **नई दिल्ली** में **केद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री. मनोहर लाल** से शिष्टाचार भेंट की। इस बैठक के दौरान राज्य के **शहरी विकास और ऊर्जा क्षेत्र** को मजबूती देने के लिए कई अहम विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक में **जयपुर** और **जोधपुर मे मेट्रो विस्तार, राज्य मे पांवर ट्रांसमिशन नेटवर्क के आधुनिकीकरण, तथा इलेक्ट्रिक बसों के संचालन** जैसे **बड़े प्रोजेक्ट्स को केद्रं** में रखकर रणनीति तैयार करने पर बात की गई।

**ऊर्जा क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा**

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा** ने बताया कि **राजस्थान मे औद्योगिक विकास** और **बढ़ती आबादी के साथ ऊर्जा की मांग** में निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे में **ट्रांसमिशन सुदृढ़ीकरण** और **स्मार्ट ग्रिड** जैसी तकनीकों को लागू करना अनिवार्य है। उन्होंने **केद्रीय मंत्री** से इस दिशा में केंद्र सरकार की वित्तीय और तकनीकी सहायता की मांग की।

**मेट्रो विस्तार से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर चर्चा**

**जयपुर मेट्रो का विस्तार** और **जोधपुर** तथा कोटा जैसे शहरों में **मेट्रो सेवाओं** की संभावनाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे शहरी आवागमन बेहतर होगा और पर्यावरणीय प्रदूषण में कमी आएगी।

### इलेक्ट्रिक बसों के लिए साझा प्रयास

राज्य में **सार्वजनिक परिवहन** को ग्रीन बनाने के लिए इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती पर भी चर्चा हुई। **मुख्यमंत्री** ने कहा कि इससे ईंधन की खपत घटेगी और हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस योजना के तहत **FAME India Scheme** जैसे केंद्रीय सहयोग की आवश्यकता जताई।

### केंद्रं-राज्य समन्वय से होगा विकास

बैठक के दौरान यह सहमति बनी कि केंद्र और राज्य मिलकर इन योजनाओं को शीघ्र मूर्त रूप देंगे, जिससे राजस्थान की **शहरी अधोसंरचना** और **ऊर्जा दक्षता** में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिलेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.